जातीय समानता को बढ़ावा देने के
मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

अनिवार्य भविष्य निधि योजना प्राधिकरण

अनिवार्य भविष्य निधि योजना प्राधिकरण (MPFA) अनिवार्य भविष्य निधि (MPF) योजना के सदस्यों के हितों की रक्षा करता है और जनता के सभी सदस्यों को MPF प्रणाली की जानकारी प्रदान करता है जिसमें विविध जातीयों के लोग भी शामिल हैं।

MPFA द्वारा जातीय समानता को बढ़ावा देने और उनकी जातीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी के लिए सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं-

A. प्रचार, सार्वजनिक शिक्षा और हितधारक की संलग्नता

संबंधित सेवाएं	• MPFA विभिन्न प्रचार, शिक्षा और संलग्नता कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को MPF प्रणाली के बारे में सूचित करता है।
मौजूदा उपाय	• MPFA और MPF प्रणाली के बारे में जानकारी MPFA वेबसाइट पर चीनी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध है।
	• शैक्षिक और प्रचारक पत्रक / पुस्तिकाएं और अन्य प्रकाशन जैसे रिपोर्ट और फार्म चीनी और / या अंग्रेजी में प्रकाशित होते हैं।
	• दो पत्रक "कर्मचारियों को MPFA के बारे में क्या जानना चाहिए "और"डिफॉल्ट इनवेस्टमेंट स्ट्रैटेजी (DIS) " उर्दू और नेपाली में तैयार किए गए हैं और विविध जातीयों के योजना सदस्यों के साथ साझा करने के लिए सामाजिक कल्याण सेवाएं प्रदान करने वाले लगभग 30 प्रासंगिक गैर-सरकारी संगठनों (NGOs)को ये दोनों पर्चे वितरित किए गए हैं।
	• प्रासंगिक NGOs को अपने विविध जातीयों के सदस्यों के लिए MPFA प्रतिनिधियों द्वारा MPF वार्ता की व्यवस्था करने के लिए आमंत्रण को विस्तारित किया गया है।
किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	• MPFA करेगा : - विभिन्न भाषाओं में विवरण पुस्तिका तैयार करना जिसमें विविध जातीयों के योजना सदस्यों को जहां उपयुक्त हो

MPF अधिकारों और खाता प्रबंधन पर ध्यान देने योग्य प्रमुख बिंदु प्रदान करना ;

- उचित गतिविधियों के माध्यम से MPF योजना के विविध जातीयों के सदस्यों को सहायता प्रदान करने के लिए संबंधित NGOs के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए संपर्क जारी रखना;
- विविध जातीयों के योजना सदस्यों में MPF संदेशों को प्रसारित करने के लिए संबंधित NGOs के साथ प्रायोजन कार्यक्रमों का पता लगाना; तथा
- अपने नेटवर्क के माध्यम से अपने समुदाय के सदस्यों को MPF ज्ञान प्रदान करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग का पता लगाना ।

B. पूछताछ और शिकायतों का प्रबन्धन

संबंधित सेवाएं	• MPFA जनता के सदस्यों की MPF से संबंधित मामलों पर पूछताछ और शिकायतों को प्राप्त करता है और उनका प्रबन्धन करता है।
मौजूदा उपाय	• जनता के सदस्य चीनी या अंग्रेजी में MPFA से पूछताछ कर सकते हैं या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। • यदि भाषा अवरोध के कारण संचार समस्याएँ हैं,तो व्याख्या सेवाओं की व्यवस्था की जाएगी।.
किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	• जातीय समानता के मुद्दों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

भविष्य के काम का मूल्यांकन

MPFA सुधार के लिए समय-समय पर अपनी सेवाओं का आकलन करेगा,जिसमें जनता और MPFA कर्मचारियों के सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा।

पूछताछ

जातीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और योजनाबद्ध उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया निम्न चैनल्स के माध्यम से कॉरपोरेट मामलों की वरिष्ठ प्रबंधक, सुश्री एलिस तेंग से संपर्क करें

- हॉटलाइन : 2918 0102
- फैक्स : 2259 8806
- ई-मेल : mpfa@mpfa.org.hk

अनिवार्य भविष्य निधि योजना पराधिकरण
मई 2023